प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

ग्रामीण महिलाओं हेतु जन जागरूकता अभियान

अखिल भारतीय समन्वित शोध परियोजना गृह विज्ञान महाविद्यालय में भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली द्वारा मनाये जा रहे 'भारत का अमृत महोत्सव' के अन्तर्गत ग्रामीण महिलाओं हेतु जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। विश्वविद्यालय में आयोजित अखिल भारतीय किसान मेले में विभिन्न राज्यों से आयी ग्रामीण महिलाओं को विभिन्न विषयों, जैसे स्वच्छता, मानव स्वास्थ्य, डेंगू एवं इसकी रोकथाम, वस्त्रों की धुलाई एवं इस्त्री करना, वस्त्रों के संरक्षण के घरेलू उपाय, सही जीवन–शैली का मार्गदर्शक, ईधन बनाने के आसान तरीके, खेलों से विकास, स्वच्छ पानी का इस्तेमाल, टीकाकरण व पर्यावरण संरक्षण आदि की जानकारी दी गयी एवं जन जागरूकता किट भी वितरित की गयी। कार्यक्रम का आयोजन ईकाई प्रभारी, डा. दीपा विनय के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम में डा. सीमा क्वात्रा, डा. मनीषा गहलौत, डा. सुनीता शर्मा, डा. प्रेमलता, डा. वीनू आदि उपस्थित थे।

कार्यक्रम में ग्रामीण महिलाओं को जन जागरूकता किट वितरित करते वैज्ञानिक।